दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः– 06
अंकः– 192
मुरादाबाद
(Sunday)
01 November 2026
पृष्ठः–8
मूल्यः– 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

नासिक कुंभ मेलाः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और सीएम फडणवीस ने किया ध्वजारोहण, रामकुंड में पूजा–अर्चना से शुरुआत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को नासिक–त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेले की शुरुआत के अवसर पर रामकुंड में विधिवत पूजा–अर्चना के बाद धार्मिक ध्वज फहराकर ध्वजारोहण समारोह संपन्न किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को नासिक–त्र्यंबकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेले की शुरुआत के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण समारोह संपन्न किया।

उन्होंने गोदावरी नदी के तट पर स्थित रामकुंड में विधिवत पूजा–अर्चना के बाद धार्मिक ध्वज फहराया।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा,

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्र पवार के साथ–साथ कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने त्र्यंबकेश्वर में आयोजित एक समानांतर कार्यक्रम में दोपहर 12:02 बजे पारंपरिक ध्वज फहराया। शुक्रवार को सिंहस्थ कुंभ मेला महाध्वज ग्राम परिक्रमा का आयोजन किया गया। यह परिक्रमा तपोवन मैदान से शुरू होकर, संतों–महंतों और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में रामतीर्थ पंचवटी से गुजरी और रामकुंड पर जाकर संपन्न हुई।

संक्षिप्त समाचार

स्कूल में दूसरी कक्षा के बच्चे को 15 से ज्यादा छात्रों ने पीटा, मासूम ने घर पहुंचकर बताई आपबीती

आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने करीब नौ घंटे तक फुटेज दिखाने में आनाकानी की। बाद में मोबाइल फोन पर रिकॉर्डिंग दिखाई गई जिसमें कथित तौर पर कुछ बच्चे छात्र के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं।नोएडा के सेक्टर–71 स्थित ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल में दूसरी कक्षा के सात वर्षीय छात्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूल में 15 से अधिक बच्चों ने उसे फ्लोर पर गिराकर पीटा। घर पहुंचने पर बच्चे ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता ने स्कूल प्रबंधन से शिकायत कर सीसीटीवी फुटेज दिखाने की मांग की। आरोप है कि प्रबंधन ने करीब नौ घंटे तक फुटेज दिखाने में आनाकानी की। बाद में मोबाइल फोन पर रिकॉर्डिंग दिखाई गई जिसमें कथित तौर पर कुछ बच्चे छात्र के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। बच्चे के पिता चिराग ढिंगरा की शिकायत पर कोतवाली फेज–3 पुलिस ने स्कूली बच्चों और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर–61 निवासी चिराग ढिंगरा ने कहा कि 27 अक्तूबर की सुबह करीब 7:40 बजे उन्होंने बेटे को स्कूल छोड़ा था। स्कूल का समय सुबह 7:45 बजे से है। आरोप है कि स्कूल में क्लास के बच्चों और दूसरी कक्षा के कुछ अन्य बच्चों ने छात्र को फ्लोर पर गिराकर पीटा। बच्चा स्कूल से घर पहुंचा तो उसने परिजनों को घटना के बारे में बताया।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथिः राहुल गांधी ने साझा की दादी की गोद में बैठने की तस्वीर, कहा– दादी ने दिया खास तोहफा

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर राहुल गांधी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बचपन में दादी द्वारा सिखाए गए उपनिषद के मंत्र को एक खूबसूरत तोहफा बताया है। प्रियंका गांधी ने भी उन्हें याद किया।अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को उपनिषदों के एक ऐसे मंत्र को याद किया, जिसे उन्होंने बचपन में राहुल से दोहराने के लिए कहा था। राहुल ने इसे अपनी दादी की ओर से मिला एक खूबसूरत तोहफा बताया। राहुल गांधी ने शक्ति स्थल 1, सफदरजंग रोड स्थित इंदिरा गांधी के स्मारक पर जाकर उन्हें पुष्पांजलि भी अर्पित की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा, आपकी गोद में बैठा हूं। आपके दोनों हाथ थामे हुए हूं। आपकी आवाज में ये शब्द सुन रहा हूं। आपके पीछे–पीछे इन्हें दोहरा रहा हूं। असतो मा सद्गमय; तमसो मा ज्योतिर्गमय; मृत्योर्मा अमृतं गमय; ? शांति, शांति, शांति। राहुल गांधी ने कहा, दादी, आपने मुझे कितना खूबसूरत तोहफा दिया है। क्या कमाल का तोहफा है। मैंने कभी सोचा भी नहीं था। राहुल गांधी द्वारा साझा किया गया यह मंत्र बृहदारण्यक उपनिषद से लिया गया है। इस मंत्र का सार एक प्रार्थना है, जो इंसान को असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और मृत्यु से अमरता की ओर ले जाने की कामना करती है।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी अपनी दादी इंदिरा गांधी को याद किया।

सरदार पटेल जयंतीः पीएम पहुंचे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, लौहपुरुष को दी श्रद्धांजलि; कहा– उनका योगदान प्रेरणादायक

सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को देशभर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के पटेल चौक पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सरदार पटेल को नमन किया। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर देश भर में शनिवार यानी आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान वह स्टैच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र में 426.71 करोड़ रुपये की लागत वाली पर्यटन और बुनियादी ढांचे से जुड़ी 31 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित

पटेल चौक में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर श्रद्धांजलि दी।पीएम बोले– देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं सरदार पटेल– प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अखंड भारत के प्रणेता देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जयंती पर सादर नमन। उन्होंने एक सशक्त, समृद्ध और समर्थ भारत के निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मां भारती की सेवा में उनका त्याग और समर्पण विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए बहुत बड़ा प्रेरणास्त्रोत है।वहीं, दिल्ली के पटेल चौक पर हुए कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद रहीं और उन्होंने भी पुष्पांजलि अर्पित की। अमित शाह ने कांग्रेस पर लगाया सरदार पटेल की यादों को मिटाने का आरोप–केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कई वर्षों तक भारत ने सरदार साहब को उनके योगदान के लिए वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे वास्तव में हकदार थे। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सरदार साहब की स्मृतियों को मिटाने की कोशिश की है। हालांकि, सूरज की चमक को छिपाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराकर सरदार साहब की विरासत को पूरे देश के सामने मजबूती से स्थापित किया। यह विशाल प्रतिमा आसमान की ऊंचाइयों को छूती है।

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित बने नए वायुसेना प्रमुखः संभाली कमान, अमर प्रीत सिंह हुए सेवानिवृत्त

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने 31 अक्तूबर को भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख का पद संभाल लिया। उन्होंने एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की जगह ली, जो 25 महीने के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। दीक्षित को स्वदेशी लड़ाकू विमानों और तेजस जैसी परियोजनाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए जाना जाता है।एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने आज (31 अक्तूबर) भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख का पदभार संभाल लिया। उन्होंने एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की जगह ली। अमर प्रीत सिंह 25 महीने के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए।पूर्व वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह को अब तक तीन आधिकारिक विदाई दी गई हैं। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से आयोजित कार्यक्रम भी शामिल है। पद पर उन्हें आखिरी दिन शनिवार को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम विदाई दी गई।स्वदेशी विमान

परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका– एयर मार्शल दीक्षित को भारतीय वायुसेना में स्वदेशी विमानों और रक्षा उपकरणों को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। उन्होंने हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस सहित वायुसेना की अन्य स्वदेशी विमान परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई है। उनसे रक्षा क्षेत्र में सरकार की आत्मनिर्भरता पहल को और मजबूत करने की उम्मीद है।

एयर मार्शल दीक्षित को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन मिला था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, बांग्लादेश के डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज और नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उनके पास 3,500 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है।। मंत्रालय के मुताबिक, अपने करियर के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल और स्टाफ पदों पर जिम्मेदारी संभाली है। कमांडिंग ऑफिसर के रूप में उन्होंने नंबर 9 स्क्वाड्रन को मिराज–2000 लड़ाकू विमानों से लैस किया। इसके बाद उन्होंने पश्चिमी सेक्टर में एक अग्रिम लड़ाकू एयरबेस और दक्षिणी सेक्टर में एक प्रमुख फाइटर ट्रेनिंग बेस की कमान संभाली।उन्होंने दक्षिणी वायु कमान में एयर डिफेंस कमांडर के रूप में भी काम किया। इसके अलावा वायु मुख्यालय (वायु भवन) में सहायक वायुसेना प्रमुख (परियोजना) और सहायक वायुसेना प्रमुख (योजना) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे। देश के प्रति विशिष्ट सेवाओं के लिए एयर मार्शल दीक्षित को कई सैन्य सम्मान मिल चुके हैं। इनमें 2006 में वायु सेना मेडल, 2011 में विशिष्ट सेवा मेडल, 2023 में अति विशिष्ट सेवा मेडल और 2026 में परम विशिष्ट सेवा मेडल शामिल हैं।

राष्ट्रीय एकता दिवसः सीएम योगी ने दिया एकजुटता का संदेश, यूपीवासियों से रन फॉर यूनिटी में भाग लेने की अपील

सीएम योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कहा कि राष्ट्रीय एकात्मता और देश की अखंडता बनाए रखना हर भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने 2017 से पहले की यूपी की राजनीति पर सवाल उठाते हुए सुशासन से सामाजिक समरसता मजबूत करने का दावा किया। साथ ही प्रदेशवासियों से %रन फॉर यूनिटी% में भाग लेने की अपील की।सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई दी। कहा कि जिस राष्ट्रीय एकात्मता के लिए लौह पुरुष सरदार पटेल ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, उसे अक्षुण्ण बनाए रखना प्रत्येक भारतीय का पावन कर्तव्य है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकार और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्रीय एकता और अखंडता की मिसाल है। उनका जीवन इस शाश्वत सत्य का संदेश देता है कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता में निहित होती है। एकता का वास्तविक सामर्थ्य %राष्ट्र प्रथम% की भावना से आता है।उन्होंने कहा कि मां भारती की सेवा को समर्पित सरदार पटेल का जीवन प्रत्येक भारतीय को एक भारत–श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने की प्रेरणा देता है।सीएम योगी ने अपने संदेश में वर्ष 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों का भी जिक्र किया। कहा कि प्रदेश में तुष्टीकरण, जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति ने समाज को बांटने का काम किया। इससे राष्ट्रीय एकात्मता की भावना कमजोर हुई और सामाजिक समरसता को आघात पहुंचा। सीएम आगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार ने इस स्थिति को बदलने का काम किया है। सरकार ने राष्ट्र प्रथम की भावना और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास% के मंत्र को सुशासन का आधार बनाया है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सुशासन के माध्यम से सामाजिक समरसता को मजबूत किया है। साथ ही सरदार पटेल की अमूल्य विरासत को एक भारत–श्रेष्ठ भारत के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया है। सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय एकता केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के आचरण और जीवन का हिस्सा होनी चाहिए। देश की अखंडता बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। रन फॉर यूनिटी में शामिल होने की अपील– सीएम योगी ने सरदार पटेल की जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होने वाली %रन फॉर यूनिटी% को जनभागीदारी का महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने प्रदेशवासियों से इस एकता दौड़ में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

संपादकीय Editorial

Led by Tourism

The cost of Himachal Pradesh's ambition to establish itself on the tourism investment map is estimated at fifteen thousand crore rupees. Ironically, political priorities have been overshadowed in the planning of tourism projects in Himachal. If there is now a need to map out the definition of high-end tourism, it must be considered in the state's entirety. This means that areas such as heritage, events, tribal, religious, adventure sports, and natural scenery should be prioritized for high-end tourists. New Himachal tourism circuits can strengthen heritage and tribal tourism, while the Dalhousie-Dharamshala-Kullu-Manali circuit, designed for Tibetan tourism, can add dynamism. With three airports in the state, convention tourism in Shimla, Manali, and Dharamshala could attract corporates. Ironically, the proposed convention center in Dharamshala has been gathering dust for the past decade. In this context, infrastructure related to the golf course and theater activities could be strengthened. If Himachal's major temples are developed as cultural centers, Himachal's culture will be showcased through folk arts. Activities in Himachal's various art museums should be expanded and several annual events should be added. Over the past few years, the Kasauli Lit Fest has attracted renowned literary figures and intellectuals from across the country, increasing demand for such events. If Dharamshala's cricket stadium can generate the construction of several five-star hotels through its events, then similarly, organizing skiing, trekking, fishing, river rafting, and paragliding competitions can attract high-end tourists. A state like Assam has created a strong presence through its impressive presentation of tea tourism, and Kangra's tea gardens can also harness their tourism potential through this concept. For example, the HPTDC's Tea Bud Hotel in Palampur offers a tourism package that can enhance tourism. If the nearly thousand-year-old Chamba is crowned a Heritage City and the heritage properties of Masroor, Sujanpur, Rampur, Nadaun, Garli-Paragpur, and Old Kangra are strengthened, the high-end tourism scene will be impressive. If tourism projects are combined with the conservation of riverfronts and lakes and waterfalls along the banks of various rivers and ravines, places like Khajjiar will generate such a relaxing tourism experience that the economy will thrive. Instead of wasting tourism projects on government hotels, they should be invested in infrastructure that facilitates destination tourism. If, even after ten years, not a single brick is laid at the Dharamshala bus stand or the roads of McLeodganj are disgraceful, not only the high-end but even the average tourist will be disappointed. If the state can earn 22 crore rupees by leasing out 60 eco-sites, then many of the state's dak bungalows and loss-making government hotels should also be leased out. If the state's many wonderful traditions, events like Dev Samagam, Ghrit Mandal, and Lohri, are celebrated under the leadership of tourism, they will bring diversity. The potential for youth tourism has steadily increased over the past few years, but its needs have increasingly neglected untouched landscapes. The warning is that tourism should not be reduced to a vagrant or a crowded gathering, and a plan and code of conduct should be developed for private investment in this sector.

SP-Congress seat-sharing or a pipe dream?

SP chief Akhilesh Yadav says that seat sharing should be based on the probability of victory, not on statistical data. It's clear that the SP's goal is to win elections, not to distribute seats as if they were handing them out. Pre-election tussles and intense bargaining are common among political parties regarding seat sharing. Every party wants to secure as many seats as possible to contest so that it can demand a larger share after coming to power and increase its political power. Generally, a universally accepted formula is established for seat sharing. Key factors in this can include the party's support base, seat-winning potential, previous election votes, or the intention of a "transaction." But the current tussle and counter-claims regarding seat-sharing between the Samajwadi Party, which is in opposition in Uttar Pradesh, and the Congress, once in power for years but now marginalized, regarding the upcoming assembly elections is in itself highly interesting and a new chapter in political bargaining.
Significantly, Congress, which won only two seats in the 2022 assembly elections in UP, placed second out of four, and received 2.33% of the vote, is demanding up to 180 seats from the Samajwadi Party this time. The SP is reportedly willing to give up to 80 seats. SP chief Akhilesh Yadav says that seat sharing should be determined based on the probability of victory, not on statistical data. Clearly, the SP's goal is to win elections, not to distribute seats as charity. However, the Congress believes that after the 2024 Lok Sabha elections and the ten-year anti-incumbency against the Yogi government in the state, it has become so strong that it could prove to be a trump card for the SP in the upcoming assembly elections. Congress believes that under the leadership of Rahul Gandhi, Leader of the Opposition in the Lok Sabha, the party's support base has grown in the state, especially among Dalits and minorities. This is why Congress has appointed Rajendra Pal Gautam, a Dalit leader, as the party's UP in-charge and Imran Masood as the state's working president. In this scenario, the SP will benefit itself by giving Congress more seats.
However, political observers are linking this excessive optimism by the Congress to the old adage, "If you ask for a license for a gun, you'll definitely get one for a pistol."
That is, if you ask for 180 seats, you'll definitely get 70-80.
Regardless of the election results, Uttar Pradesh has a total of 403 assembly seats, the highest in the country. Assembly elections in the state are scheduled for March next year.
The logical question here is: what should be the base formula for asking for or giving seats in any election? That is, should the previous assembly election results be considered the basis for the assembly elections, or the previous Lok Sabha election results? Because the nature, issues, and voter perceptions of both elections differ.
However, many times, the result of the assembly elections is almost identical to the result of the subsequent Lok Sabha elections. However, this isn't always the case. Sometimes, the opposite can happen, as we've seen before.
Therefore, practical formula for seat distribution may be more important, based on the current political and social situation, the party's standing, support base, and winning probability, rather than historical data.
As far as Uttar Pradesh is concerned, the political equations in the state have changed this time compared to the previous assembly elections. In the 2022 assembly elections, the Samajwadi Party, the second-largest party in the state, had an alliance with the Rashtriya Lok Dal and the Bharatiya Samaj Party (Suheldev). In that election, the Samajwadi Party won 111 seats with 36.6 percent of the vote.
While the RLD and Suheldev BSP combined for a mere 1.73 percent vote share, the RLD won eight seats and the Suheldev Party six. Congress contested 399 seats alone and won two. Its candidates finished second in four seats, making Congress's claim for only six seats.
On the other hand, the RLD and the Suheldev Party, which were allies of the SP, are now in the NDA alliance with the BJP. These parties are also pressuring the BJP for more seats, but there is no tussle like the SP and Congress.
If the Congress is demanding up to 180 seats, what is the logical basis behind it? The Congress believes that for seat sharing in the upcoming assembly elections, the 2024 Lok Sabha election results should be taken into account, rather than the previous assembly election results.
When the SP and Congress fought together, the SP won 33 and Congress won six seats, respectively, out of the state's total 80 Lok Sabha seats.
Even that percentage was 41.97 for the SP and 9.53 for the Congress. That election in Uttar Pradesh focused primarily on the issue of saving the Constitution, which led to a significant support from Dalits for the SP-Congress alliance. However, this issue gradually subsided later. In such a situation, it is difficult to predict the attitude of Dalits in the next assembly elections.
Meanwhile, the SP still maintains a strong support base among Yadavs and Muslims. However, AIMIM's Asaduddin Owaisi is making every effort to break into the Muslim vote bank. Meanwhile, the Congress believes that Mayawati's BSP's near-monopoly on Dalit votes is eroding, and they are increasingly attracted to the Congress and, to a lesser extent, Chandrashekhar Ravan's Azad Samaj Party.
Previously, this vote bank had significantly gravitated towards the BJP, resulting in victory in the 2017 and 2022 elections. However, Returning to power in the state for a third consecutive term under the leadership of the Samajwadi Party (SP) may not be a difficult task, but it is certainly challenging. One factor is the alleged resentment of Brahmin voters in the state against the BJP.
Perhaps this is why Congress appointed a Brahmin woman, Aradhana Mishra, to lead the party in the state before the elections. This means that if the Congress's core vote, Dalit, and Brahmin votes, are aligned, the party could perform well in the assembly elections and seize power. The numerical basis for this thinking is that, looking at the assembly seat-wise lead in the 2024 Lok Sabha elections, the SP led in 183 assembly seats, while the Congress led in 40. If this trend continues in the assembly elections, the SP-Congress alliance could win a total of 233 seats and come to power.
However, the idea of ??winning seats based solely on lead is not correct because in this Lok Sabha election, the BSP led in 162 assembly seats, but it did not win a single Lok Sabha seat.However, the world of politics relies more on expectations than on ground realities.
The exact number of assembly seats the Samajwadi Party will ultimately give to the Congress will be known in the future. However, the SP's perception behind its improved performance in the Lok Sabha elections is that it was because of it that the Congress won more seats, not because of the Congress.
The danger in relying solely on statistics is that if the Lok Sabha election lead doesn't translate into victory in the assembly elections, the ploy to keep the Congress on board will prove futile. Congress, on the other hand, believes that its growing strength in the state will help the SP secure a better victory.
If the same formula is applied to the ruling BJP and NDA, the alliance could only gain a lead in 174 assembly seats in the state. This means that if the same trend continues, the Yogi government is certain to fall.
But the real question is: will the same thing happen in the assembly elections? Will voter sentiment change or remain the same?
Will the electoral issues remain the same as in the Lok Sabha elections? Is the Yogi factor still important or not? These questions will only be answered in the assembly elections. But pipe dreams are also a key dish for a political party. Everyone has the right to cook them, even the Congress party.

The Importance of Education in Building Responsible Citizens

This article highlights the crucial role of education, family, and teachers in developing responsible citizens. The new education system should prepare citizens capable of self-discipline, values, and nation-building, not just jobs.The family plays a primary role in inculcating values ??in children. The goal of education is to instill self-discipline and inner awareness. Responsible, dutiful youth are essential for nation-building. Schools alone cannot instill values ??in children. The family plays a paramount role. Students learn from their parents' behavior. If there is respect for others at home, students learn respect. If there is discipline at home, students learn discipline. If the home only discusses rights and not duties, this impacts the child. School provides a systematic and comprehensive perspective to this learning. The teacher is not just a subject matter imparter; they are also a guide who guides children's thoughts. Therefore, it is essential to teach civic sense, constitutional values, environmental awareness, digital citizenship, social responsibility, and cultural values ??by connecting them to life. This is the biggest challenge and opportunity facing the new education system: to prepare children not just for future jobs, but as citizens of the future.In today's context, the word "control" must be understood not in the sense of oppression, but in the sense of self-control. External control has its limits. The law can prevent a person from doing something, but no law or guardian can be there in every situation. Only a person's conscience and values ??come into play. This is the greatest power of education.

किसी को पता नहीं कहां पैदा हुए भगवान, राममंदिर के कोई अवशेष न मिले, सपा के पूर्व सांसद का विवादित बयान

सपा के पूर्व सांसद एसटी हसन का विवादित बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को पता भगवान राम नहीं कहां पैदा हुए। राम मंदिर पर कहा कि वहां कोई अवशेष नहीं मिले, फैसला जनभावनाओं पर था।सपा के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन का एक विवादित बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पूर्व सांसद ने कहा कि किसी को नहीं पता कि भगवान राम का जन्म कहां हुआ।

अयोध्या में 12 से अधिक मंदिर हैं जो दावा करते हैं कि राम वहां पैदा हुए। दक्षिण में भी एक अयोध्या है, वहां के लोग भी यही दावा करते हैं। ऐसे में वास्तविक बात कोई नहीं जानता कि राम कहां पैदा हुए।

राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर उन्होंने कहा कि एएसआई ने भी कोर्ट में यह बात स्वीकार की थी कि अयोध्या में खोदाई वाले स्थल पर किसी मंदिर के अवशेष नहीं मिले। कोर्ट ने फैसला जनभावनाओं के आधार पर दिया जोकि वर्षों से चले आ रहे विवाद को खत्म करने के लिए था।डॉ. एसटी हसन ने छह दिसंबर 1992 की घटना पर अमित शाह के बयान का जवाब भी वायरल वीडियो में दिया है। उनका कहना है कि पूर्व सीएम मुलायम सिंह ने गोलियां नहीं चलवाई थीं। पुलिस अधिकारियों ने कोर्ट में यह शपथ पत्र दिया था कि ढांचे को कोई नुकसान नहीं होगा। इसी को लेकर पुलिस ने गोलियां चलाई होंगी। 15-16 लोगों की मौत हुई थी, इससे सरयू लाल कैसे हो गई।पूर्व सांसद का कहना है कि अंग्रेजों ने वर्षों पहले फूट डालो-शासन करो का बीज बोया था। आज के लोगों को इसे नहीं ढोना चाहिए। लोगों को समझना चाहिए कि आपस में प्यार-मोहब्बत से रहा जा सकता है।

एमडीए बेचेगा आशियाना परिसर में अधिकारियों के आवास, शुरुआती कीमत 24 करोड़ रुपये तय

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) कांठ रोड स्थित आशियाना परिसर में उपाध्यक्ष समेत अधिकारियों के आवास नीलाम करने की तैयारी कर रहा है। उपाध्यक्ष आवास की शुरुआती कीमत 24 करोड़ रुपये तय की गई है। दिवाली के बाद अधिकारी दिल्ली रोड स्थित नए कार्यालय और आवासीय परिसर में शिफ्ट होंगे। एमडीए अपनी कांठ रोड स्थित आशियाना परिसर की संपत्तियों को बेचने की तैयारी में है। इसमें उपाध्यक्ष का आवास भी शामिल है। करीब तीन हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने इस आवास की शुरुआती कीमत 24 करोड़ रुपये तय की गई है। इसके अलावा सचिव, मुख्य अभियंता और अवर अभियंताओं के आवास भी नीलाम किए जाएंगे।प्राधिकरण ने दिल्ली रोड स्थित नया मुरादाबाद में अपना नया कार्यालय और अधिकारियों के आवास तैयार करा लिए हैं। दिवाली के बाद अधिकारियों को नए परिसर में स्थानांतरित करने की तैयारी है। आशियाना में अधिकारियों के आवास खाली होने के बाद इनकी बिक्री की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।एमडीए की इस योजना का उद्देश्य पुरानी संपत्तियों का निस्तारण कर उनका उपयोग दूसरे विकास कार्यों के लिए करना है। आवासीय संपत्तियों की बिक्री के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजरी एजेंसी के चयन का टेंडर भी जारी किया गया है। उधर, कांठ रोड स्थित एमडीए का पुराना कार्यालय अब भी खरीदार की राह देख रहा है।करीब एक एकड़ जमीन पर बने तीन मंजिला भवन की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये आंकी गई है। चार साल से इसे बेचने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इतनी बड़ी रकम खर्च करने के लिए खरीदार सामने नहीं आया। भवन खाली रहने से उसके रखरखाव और भविष्य में जर्जर होने की आशंका भी है।ऐसे में प्राधिकरण अब इस जमीन पर अपार्टमेंट विकसित करने के विकल्प पर भी विचार कर रहा है। एमडीए वीसी अनुभव सिंह ने बताया कि तय प्रक्रिया के तहत पुरानी संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। दिवाली के बाद सभी अधिकारी व कर्मचारी दिल्ली रोड स्थित आवासीय परिसर में शिफ्ट होंगे।

21 नवंबर से पहले भर लें ITR, जरा सी चूक से लगेगा 1.50 लाख तक का भारी जुर्माना!

आयकर विभाग ने ऑडिट वाले मामलों के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 नवंबर तक बढ़ा दी है। समय पर रिटर्न न भरने पर कारोबारियों को 1.50 लाख तक का जुर्माना और ब्याज देना पड़ सकता है।आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख नजदीक आने के साथ कारोबारियों की मुश्किलें भी बढ़ने लगी हैं। मुरादाबाद में एक करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाली करीब 3500 कारोबारी फर्मों का आडिट निर्धारित समयसीमा तक पूरा नहीं हो सका था। अब इन कारोबारियों के पास रिटर्न दाखिल करने के लिए अब 21 नवंबर तक का समय है।आयकर विभाग ने आडिट वाले मामलों में रिटर्न जमा करने की अंतिम तारीख 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर कर दी गई है। यानी कारोबारियों को तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मिला है।हालांकि, आडिट रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर बीत चुकी है। ऐसे में इन फर्मों से जुड़े कारोबारियों को अपने खातों का मिलान कर रिटर्न दाखिल करने की तैयारी तेज करनी होगी। पिछले रिटर्न चक्र में एक करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाली 25 हजार से अधिक फर्मों ने आयकर रिटर्न दाखिल किया था।सीए अमन शुक्ला ने बताया कि देर से रिटर्न दाखिल करने पर केवल लेट फीस ही नहीं, बल्कि बकाया टैक्स पर एक प्रतिशत प्रतिमाह की दर से ब्याज भी देना पड़ सकता है। एक और नुकसान है। समय पर रिटर्न दाखिल नहीं करने पर व्यापारिक और पूंजीगत घाटे को अगले वर्षों में समायोजित करने का लाभ प्रभावित हो सकता है।इससे भविष्य में टैक्स की देनदारी बढ़ सकती है। कारोबारियों को रिटर्न दाखिल करने से पहले बैंक खातों, बिक्री, खरीद, जीएसटी, खर्च और टैक्स भुगतान का मिलान करना चाहिए।वहीं, नौकरीपेशा लोगों को फार्म-16, बैंक ब्याज और टीडीएस की जानकारी जांचनी चाहिए। रिटर्न दाखिल करने के बाद उसका ई-वेरिफिकेशन भी जरूरी है। समय पर रिटर्न भरने से टैक्स रिफंड पाने, बैंक से ऋण लेने और आय का प्रमाण देने में भी आसानी होती है।देरी पर देना होगा इतना जुर्माना और ब्याज-पांच लाख रुपये तक कुल आय होने पर अधिकतम एक हजार रुपये लेट फीस।पांच लाख रुपये से अधिक कुल आय पर पांच हजार रुपये तक लेट फीस।बकाया टैक्स पर धारा 234ए के तहत एक प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज।एडवांस टैक्स की कमी पर धारा 234बी और 234सी के तहत भी ब्याज लग सकता है।आडिट अनिवार्य होने के बावजूद रिपोर्ट नहीं देने पर टर्नओवर का 0.5 प्रतिशत या 1.50 लाख रुपये, जो भी कम हो, तक जुर्माने का प्रावधान।

पीईटी केंद्र के कंट्रोल रूम में खराब मिली एलसीडी, डीएम-एसपी के निरीक्षण में खुली लापरवाही, एफआईआर दर्ज

अमरोहा के जेएस हिंदू इंटर कॉलेज पीईटी परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम में निरीक्षण के दौरान दो में से एक एलसीडी खराब मिली। डीएम और एसपी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कार्यदायी संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए। केंद्र प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।अमरोहा में पीईटी में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था में लापरवाही सामने आई है। शहर के जेएस हिंदू इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम में लगी दो एलसीडी में से एक खराब मिली। शुक्रवार को डीएम डॉ. नितिन गौड़ और एसपी लखन सिंह यादव के निरीक्षण के दौरान यह खामी सामने आई।

मामले को गंभीरता से लेकर केंद्र प्रभारी ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। शुक्रवार को पीईटी परीक्षा का दूसरा दिन था। जिले में परीक्षा के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। जेएस हिंदू इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।यहां कार्यदायी संस्था की ओर से कक्ष संख्या 10 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। केंद्र के सभी कक्षों और बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम में दो एलसीडी लगाई गई थीं। शुक्रवार सुबह 7=30 बजे स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र अधीक्षक ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया था।

उस समय दोनों एलसीडी पर सभी कैमरों के दृश्य प्रदर्शित हो रहे थे। पहली पाली में कार्यदायी संस्था का एक कर्मचारी भी कंट्रोल रूम में ड्यूटी पर तैनात था। परीक्षा समाप्त होने से पहले सुबह 11=55 बजे डीएम और एसपी ने केंद्र का निरीक्षण किया तो एक एलसीडी खराब मिली।

दूसरी एलसीडी पर ही कैमरों के दृश्य दिखाई दे रहे थे। निरीक्षण के दौरान कंट्रोल रूम में मौजूद कर्मचारी ने अधिकारियों को बताया कि सभी कैमरे काम कर रहे हैं, लेकिन एक बार में केवल 16 कैमरों के दृश्य ही डिस्प्ले पर दिखाई दे रहे हैं।

अन्य कैमरों को देखने के लिए बार-बार दृश्य बदलने पड़ रहे हैं। जबकि नियमानुसार सभी कैमरों के दृश्य एक साथ प्रदर्शित होने चाहिए थे। लापरवाही को लेकर डीएम और एसपी ने कड़ी लापरवाही माना।

बाद में केंद्र प्रभारी शमीम अहमद, केंद्र अधीक्षक डॉ. जीपी सिंह और स्टेटिक मजिस्ट्रेट अवनीश कुमार श्रीवास्तव की ओर से संयुक्त रूप से कोतवाली में तहरीर देकर कार्यदायी संस्था पर जिम्मेदारी का ठीक से निर्वहन नहीं करने का आरोप लगाया। सीओ सिटी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मधुकर गांव में 19 साल की लड़की की संदिग्ध मौत: घर के बरामदे में मिला शव, हत्या का आरोप

◆ परिवार का रो-रोकर बुरा हाल, खेत से लौटे मां-बाप ने बेटी को फंदे से लटका देखा।

मृतका राखी का फाइल फोटो

शाहबाद थाना क्षेत्र के मधुकर गांव में 19 साल की राखी का शव संदिग्ध हालात में बरामद हुआ है। शुक्रवार सुबह जब माता-पिता खेत से लौटे, तो उनकी बेटी का शव दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका मिला। इस सनसनीखेज घटना के बाद परिवार वालों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।शाहबाद थाना क्षेत्र के ढकिया चौकी क्षेत्र के मधुकर गांव में शुक्रवार सुबह एक 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान राखी के रूप में हुई है, जिसका शव घर के बरामदे में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। इस सनसनीखेज घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के समय मृतका के माता-पिता रामवीर सिंह और उनकी पत्नी पूनम सुबह खेत पर गए हुए थे। जब वे लौटकर घर आए, तो उन्होंने अपनी बेटी को फंदे पर लटका देखा, जिससे उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में बेटी को नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए।

उधर, मृतक युवती के परिजन गांव के ही दूसरे पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी बेटी की हत्या करके शव को फंदे पर लटकाया गया है। सूचना मिलते ही कोतवाल धनंजय सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और परिजनों की तरफ से लिखित तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मेड़ के विवाद में किसान और भाइयों से मारपीट, चार पर मामला दर्ज

टांडा। खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में चार लोगों ने एक किसान को ट्रैक्टर से खींचकर लाठी-डंडों से पीटा। बचाने पहुंचे उसके भाई और चचेरे भाई को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा। आरोप है कि आरोपियों ने तमंचे तानकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोदीपुर नायक निवासी तौसीफ रजा ने बताया कि 27 अक्तूबर की रात करीब आठ बजे वह खेत की जोताई कर रहा था। इसी दौरान मसरूफ, मतलूब, अजीम और तस्वीर लाठी-डंडे व तमंचे लेकर खेत पर पहुंचे।

उन्होंने तौसीफ को खेत की मेड़ विवाद में ट्रैक्टर से खींचकर पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मसरूफ और मतलूब पूर्व में गोलीकांड के एक मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं। सीओ पंकज पंत ने बताया कि मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पवन गिरफ्तार, आठ माह की गर्भवती पीड़िता ने बच्ची को दिया था जन्म

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी पवन कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के शोषण के चलते नाबालिग गर्भवती हो गई थी और उसने एक बच्ची को जन्म दिया। मानसिक तनाव में उसने जहर खाकर जान देने की कोशिश भी की थी। नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी पवन कुमार को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। दुष्कर्म के चलते नाबालिग बिन ब्याही मां बन गई थी। तनाव के चलते नाबालिग ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी। मझोला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 25 अक्तूबर को डिडोरी निवासी पवन, उसके भाई शिवम और पिता नन्हें सिंह के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि वह मजदूरी करने के लिए हरियाणा गया था। 20 फरवरी 2026 की रात गांव डिडोरी निवासी पवन ने उसकी नाबालिग बेटी को डराकर परिवार के अन्य लोगों को नींद की गोली खिलवा दी और तमंचे के बल पर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। तीन दिन तक आरोपी ने बेटी को डरा-धमकाकर शोषण किया।मानसिक तनाव के चलते बेटी ने 27 फरवरी को जहर खाकर जान देने की कोशिश की। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। 12 अक्तूबर को हालत बिगड़ने पर पिता हरियाणा से घर लौटकर आया तो बेटी ने आपबीती सुनाई। बताया कि वह आठ माह की गर्भवती है।आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोगों ने उन्हें थाने जाने से रोक दिया। 21 अक्तूबर को नाबालिग ने घर में ही एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद पिता ने थाने पर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह का कहना है कि शुक्रवार को मझोला थाना प्रभारी रविंद्र कुमार की टीम ने आरोपी पवन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

गाड़ियों की छतों पर स्टंटबाजी: बीजेपी नेता के स्वागत में ट्रैफिक नियमों की उड़ीं धज्जियां

संभल में दानिश पाशा के रोड शो में जोखिम भरा जश्न, चलती कार की छत पर सवार दिखे 8 से ज्यादा समर्थक, तमाशबीन बनी रही पुलिस

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नए प्रदेश मंत्री दानिश पाशा का संभल पहुंचने पर समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया, लेकिन रोड शो के दौरान ट्रैफिक नियमों का जमकर उल्लंघन हुआ। समर्थकों ने चलती गाड़ियों और होंडा सिटी की छतों पर चढ़कर खतरनाक तरीके से नाच-गाना किया। पुलिस इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मूकदर्शक बनी रही। वहीं, पाशा ने उन पर लगे पद के बदले पैसे लेने के आरोपों को पूरी तरह से खारिज किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश मंत्री बनने के बाद शुक्रवार शाम दानिश पाशा पहली बार संभल पहुंचे। इस दौरान समर्थकों ने उनके स्वागत में एक बड़ा रोड शो निकाला। हालांकि, इस जश्न में सुरक्षा और यातायात नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। रोड शो के दौरान कई समर्थक चलती गाड़ियों की छतों पर चढ़कर नाचते और उछल-कूद करते दिखाई दिए। एक होंडा सिटी कार की छत पर तो हद ही हो गई, जहां आठ से भी ज्यादा लोग खतरनाक तरीके से खड़े और बैठे हुए थे। खुद दानिश पाशा भी एक स्कॉर्पियो गाड़ी की छत पर बैठकर समर्थकों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कोई कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने रहे। पैसे देकर पद लेने के आरोपों को बताया बेबुनियाद- रोड शो के बाद दानिश पाशा ने समर्थकों के भव्य स्वागत के लिए आभार जताया और प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी एक बार फिर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। वहीं, पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों द्वारा पद देने के बदले पैसे लेने के आरोपों पर पाशा ने कहा कि यह बातें पूरी तरह बेबुनियाद और झूठी हैं। पार्टी में किसे क्या जिम्मेदारी देनी है, इसका फैसला प्रदेश नेतृत्व करता है। वह पहले भी पांच साल तक जिलाध्यक्ष रह चुके हैं और आगे भी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का काम करते रहेंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

एशियाई पैरा खेलों में यूपी का डंका, पदक जीतकर बढ़ाया देश का मान

बीएल एग्रो व पैरा स्पोर्ट्स ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली (पं सत्यम शर्मा)कार्यक्रम में मुख्य रूप से वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार, जेपी सिंह, सुमति मिश्रा, बीएल एग्रो चेयरमैन डॉ. घनश्याम खंडेलवाल और मैनेजिंग डायरेक्टर एवं उत्तर प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष खंडेलवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीत मां तुझे सलाम प्रस्तुत कर किया।

आशीष खंडेलवाल ने कहा कि पैरा खिलाड़ियों की उपलब्धियां दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और संघर्ष की मिसाल हैं। वहीं जेपी सिंह और सुमति मिश्रा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मानित खिलाड़ियों में सिमरन शर्मा, प्रवीण कुमार, सुवर्णा राज, आयुष वर्मा, प्रीति पाल, प्रदीप कुमार, अजीत सिंह यादव, राम रतन सिंह, वरुण सिंह भाटी, स्वाति चौधरी, अनुभव चौधरी, प्राची पांडेय और सुहास यथिराज शामिल रहे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने साबित कर दिया कि हौसले बुलंद हों तो कोई चुनौती मंजिल पाने से नहीं रोक सकती।

ड्रणमड राजकीय इंटर कालेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर भाषण एवं गोष्ठी का किया गया आयोजन

@ क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत – लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151 वीं जयंती के अवसर पर ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन से संबंधित विषय पर जनपद स्तरीय भाषण एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें राजदीप पांडेय चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र ने प्रथम स्थान एवं शिवे शर्मा अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा ने द्वितीय व अथर्व मिश्रा चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर के छात्र ने प्राप्त किया सांत्वना पुरस्कार हेतु सलीना , लक्ष्मी,रेखा, तान्या वर्मा, प्रिया वर्मा,रिया राजपूत को चयनित किया गया। इस अवसर पर कोमल पार्टी कंपोजिट विद्यालय बरहा के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जनपदीय नोडल अधिकारी इंतजार खान ने बताया कि विजेता छात्र-छात्राओं को अनुपम शर्मा प्रधानाचार्य ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में अनुपम शर्मा प्रधानाचार्य ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त किया।

वारंट तामील कराने गई पुलिस टीम पर हमला, सिपाही की वर्दी फाड़ी व सरकारी पिस्टल छीनने की कोशिश

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।(पं सत्यम शर्मा) सीबीगंज थाना क्षेत्र के तिलियापुर गांव में गैर जमानती वारंट तामील कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला हो गया। आरोपियों और उनके परिजनों ने न सिर्फ पुलिसकर्मियों को बुरी तरह पीटा, बल्कि सिपाही की वर्दी फाड़ दी, नेमप्लेट नोच ली और दरोगा की सरकारी पिस्टल छीनने का प्रयास किया। वारंट के आधार पर एसआई पवन कुमार शर्मा की टीम ने आरोपी भोला को हिरासत में ले लिया था। इसी दौरान उसके भाई लईक को पकड़ने की कोशिश की गई, तो परिवार की महिलाओं ने लईक को मौके से भगा दिया और भोला को छुड़ाने के लिए पुलिस पर टूट पड़े।देखते ही देखते करीब 10-12 अन्य लोग भी मौके पर आ धमके और एसआई पवन कुमार व सिपाही अरविंद कुमार से मारपीट शुरू कर दी। सरकारी पिस्टल और दस्तावेज छीनने की कोशिश के बीच थाने से अतिरिक्त पुलिस बल पहुंचा, तब जाकर मामला संभला और आरोपी भोला को थाने लाया गया। घायल पुलिस कर्मियों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

भोजीपुरा में 2 लाख की लूट का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

मुठभेड़ में एक बदमाश घायल समेत तीन गिरफ्तार

बरेली।(पं सत्यम शर्मा) । भोजीपुरा थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 2 लाख रुपये की लूट का खुलासा करते हुए मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी फायरिंग में मुख्य आरोपी एहसान अली पैर में गोली लगने से घायल हो गया,

जबकि उसके दो साथी विनीत गंगवार और मोनिश अली भी दबोचे गए। मुठभेड़ में एक सिपाही भी मामूली रूप से घायल हुआ है।झ

पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई पूरी रकम 2 लाख रुपये एक तमंचा, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल स्प्लेंडर बाइक बरामद कर ली है।गौरतलब है कि 30 अक्टूबर को रतना चुन्नीलाल निवासी उवैश से बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर यह रकम लूटी थी। 31 अक्टूबर को मनहेरा पुलिया के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में यह गिरफ्तारी हुई। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

पुलिस लाइन में सरदार बल्लभ भाई पटेल की मनायी गई जयंती

SSP के नेतृत्व में पुष्पांजलि अर्पित कर ली एकता-अखंडता की शपथ

@ क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली (पं सत्यम शर्मा) । राष्ट्रीय एकता दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जवानों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि सरदार पटेल का देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में अतुलनीय योगदान रहा है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर प्रत्येक पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा से देश सेवा करे। कार्यक्रम में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी उत्तरी, एसपी यातायात अकमल खान एवं एसपी अपराध सहित अन्य पुलिस अधिकारी व प्रतिसार निरीक्षक हरमीत सिंह और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सीएम डैशबोर्ड पर गिरती रैंकिंग पर भड़के डीएम, नेडा और समाज कल्याण विभाग को लगाई फटकार

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली (पं सत्यम शर्मा) । कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकास विभाग की सीएम डैशबोर्ड/ सीएमआईएस की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

डैशबोर्ड पर जनपद के घटते अंकों को चिंताजनक बताते हुए डीएम ने अधिकारियों को रैंकिंग सुधारने और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के सख्त निर्देश दिए।

लापरवाही पर नाराजगी: पीएम सूर्य घर योजना में नेडा के ज्यादा मामले लंबित मिलने पर डीएम ने वेंडर्स संग बैठक कर निस्तारण के आदेश दिए। वहीं छात्रवृत्ति योजना में देरी के चलते समाज कल्याण अधिकारी को कार्यप्रणाली में सुधार की चेतावनी दी।

समयसीमा और गुणवत्ता- कार्यदायी संस्थाओं को अधूरे निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। सख्त हिदायत- शासन की प्राथमिक योजनाओं में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ?बैठक में सीडीओ देवयानी, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, पीडी डीआरडीए चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद पटाखा बाजार लगाने के लिए , प्रशासन ने शुरू की नए स्थान की तलाश

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।(पं सत्यम शर्मा) । दीपावली के अवसर पर लगने वाले अस्थायी पटाखा बाजार को लेकर इस बार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट के आदेशों के चलते शहर के राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी), इस्लामिया इंटर कॉलेज और कैंट स्थित विक्टोरिया पार्क मैदान में इस बार पटाखों की दुकानें नहीं लगाई जाएंगी। प्रशासन ने इन स्थानों पर पटाखा बाजार लगाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही पटाखा कारोबारियों के लिए सुरक्षित और उपयुक्त वैकल्पिक स्थान की तलाश शुरू कर दी गई है। तीन प्रमुख मैदानों में पटाखा बाजार लगाने पर रोक- शहर में दीपावली के दौरान लंबे समय से जीआईसी, इस्लामिया इंटर कॉलेज और कैंट के विक्टोरिया पार्क मैदान में अस्थायी पटाखा बाजार लगाए जाते रहे हैं। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में दुकानदार पटाखों की बिक्री करते थे और खरीदारों की भी भारी भीड़ जुटती थी। हालांकि, इस बार हाईकोर्ट के आदेशों और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने इन मैदानों में पटाखा बाजार नहीं लगाने का निर्णय लिया है। दीपावली से पहले अस्थायी पटाखा बाजार के लिए सुरक्षित स्थान तय करने के उद्देश्य से सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार और मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) चंद्रमोहन शर्मा ने शहर के विभिन्न मैदानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज और कैंट स्थित विक्टोरिया पार्क मैदान का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मैदानों की स्थिति, आसपास की आबादी, सुरक्षा व्यवस्था और आग लगने की स्थिति में बचाव के इंतजामों का आकलन किया। जांच के बाद इन स्थानों को पटाखा बाजार लगाने के लिए उपयुक्त नहीं माना गया।शहर के तीन प्रमुख स्थानों पर पटाखा बाजार लगाने की अनुमति नहीं मिलने से कारोबारियों के सामने दुकान लगाने के लिए नए स्थान की चुनौती खड़ी हो गई है। दीपावली के मद्देनजर पटाखा विक्रेता बाजार के लिए स्थान तय होने का इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल प्रशासन और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम सुरक्षित स्थान की तलाश में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने वाले मैदान में ही अस्थायी पटाखा बाजार लगाने की अनुमति दी जाएगी।

बच्चा वार्ड में भर्ती 20 बच्चों में 18 निमोनिया से पीड़ित

बरेली।(पं सत्यम शर्मा) । मौसम में बदलाव और तापमान में गिरावट के साथ बच्चों में बुखार और निमोनिया के मामले बढ़ने लगे हैं। जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में गुरुवार को 20 बच्चे भर्ती थे,

इनमें 18 निमोनिया से पीड़ित हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप गुप्ता ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण बच्चों की सेहत पर असर पड़ रहा है। ओपीडी में आने वाले करीब 80 प्रतिशत बच्चे बुखार और निमोनिया से पीड़ित मिल रहे हैं। हालांकि, गुरुवार को ओपीडी में मरीजों की भीड़ अपेक्षाकृत कम रही। डॉक्टरों ने बच्चों को ठंड से बचाने और तबीयत बिगड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

हथियारों से लैस होकर बेचने जा रहे थे चोरी की गाड़ियां, सुभाषनगर पुलिस ने घेराबंदी कर भेजा जेल

बरेली।(पं सत्यम शर्मा) । सुभाषनगर थाना पुलिस ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें एक स्प्लेंडर और एक अपाचे , एक अवैध तमंचा 315 बोर , एक जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू बरामद किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मिलक रौधी वाले रास्ते बदायूं रोड के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान रघुनाथ राम उर्फ पप्पू निवासी मठिया खेड़ा, आंवला और गौतम सागर निवासी ईटौआ सुखदेवपुर, सुभाषनगर के रूप में हुई है । पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे इन चोरी की बाइकों को बेचने के इरादे से ले जा रहे थे। जांच में सामने आया कि बरामद स्प्लेंडर बाइक चौपला चौराहे से चोरी हुई थी, जिसका मुकदमा पहले से थाना कोतवाली में दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया ।

इंदिरा गांधी की शहादत और पटेल व नरेंद्र देव की जयंती पर कांग्रेसियों ने बांटे फल

बरेली।(पं सत्यम शर्मा) । महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

दिनेश दद्दा के नेतृत्व में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शहादत दिवस तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल व आचार्य नरेंद्र देव की जयंती पर जिला अस्पताल में मरीजों व जरूरतमंदों को फल वितरित किए गए। इसके बाद आयोजित विचार गोष्ठी में तीनों महान विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और आर्थिक मजबूती के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। वहीं, सरदार पटेल और आचार्य नरेंद्र देव का योगदान देश कभी नहीं भूल सकता। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि ऐसी शख्सियतें सदियों में एक बार जन्म लेती हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान मेहंदी हसन, राजा राम साहू, तबस्सुम खान, फिरदौस जहां, निशा खान, मो. ज़की, ज़ीशान अफरीदी, मो. ज़ुबैर, रमेश श्रीवास्तव, सुरेश दिवाकर, मो. कासिम, सफदर अली बुखारी, मनदीप राव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आमने-सामने टकराईं दो बाइकें, छह हुए जख्मी

मीरगंज -शाही फतेहगंज पश्चिमी मार्ग पर शनिवार दोपहर लमकन गांव के समीप तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो बच्चों समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, लमकन निवासी नरूल हसन और आकिब बाइक से बरेली की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान सिंधौली निवासी दया शंकर अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ दूसरी बाइक से शाही की ओर जा रहे थे। गांव के नजदीक ईंट भट्टे के पास दोनों वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोटें आईं। सड़क पर घायलों को पड़ा देख आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया,

कल्याणपुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर तालाब में गिरकर सब्जी विक्रेता की मौत

@ क्यूँ न लिखूँ सच

भुता(शेर सिंह) थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर मोड़ के पास एक सब्जी विक्रेता की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर युवक सहित तालाब में जा गिरी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को तालाब से बाहर निकाल एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। जहां उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को शील कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

भुता क्षेत्र में गांव कल्याणपुर मोड़ के पास शनिवार को लगभग 2:00 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम उदयपुर निवासी 35 वर्षीय गिरीश पाल पुत्र बादशाह अपनी मोटरसाइकिल से सब्जी बेचने फैजनगर जा रहे थे। इसी दौरान कल्याणपुर मोड़ के पास अचानक उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिसकी सूचना तुरंत थाना भुता पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल गिरीश को तालाब से बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। गिरीश पाल अपने पीछे दो बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। उनकी बड़ी बेटी काजल (18), बेटा विपिन (12) और छोटी बेटी नैना (5) हैं। हादसे में परिवार के मुखिया की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। इधर पुलिस भी घटना की जांच कर रही है।

बैराड़ में 80 हजार रुपये की स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने 7.85 ग्राम स्मैक की, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई; न्यायालय ने भेजा जेल

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बैराड़,। शिवपुरी जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बैराड़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 7.85 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टोरिया रोड स्थित तालाब के सामने यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति स्मैक बेचने के लिए बैठा है। सूचना की तस्दीक के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि संदिग्ध पास में ही बंद पड़े पुराने ढाबे के टीन शेड के नीचे बैठा है।पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम जीतेन्द्र उर्फ जीतू प्रजापति (32), निवासी वार्ड क्रमांक 11 गायत्री कॉलोनी बैराड़ बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 7.85 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 418/2026, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस टीम की भूमिकाः कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि चौहान, उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह भदौरिया सहित पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

संक्षिप्त समाचार

तमंचा और कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

फतेहगंज पश्चिमी, संवाददाता। थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर बल्लिया पश्चिमी अंडरपास के पास से चांदबाबू पुत्र तुफैल अहमद निवासी शीशगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम और बीएनएस के तहत तीन मुकदमे दर्ज हैं।

पीएनबी की ग्राहक गोष्ठी में दी योजनाओं की जानकारी, व्यापार मंडल ने किया शाखा प्रबंधक को सम्मानित

बिलारी @ क्यूँ न लिखूँ सच । पंजाब नेशनल बैंक शाखा जो पूर्व में ओबीसी के नाम से जानी जाती थी उसकी शाहबाद रोड स्थित शाखा में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन कर बैंक की विभिन्न जमा और ऋण योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राहकों से समस्याएं और सुझाव भी लिए गए। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन एवं उनकी टीम ने शाखा प्रबंधक दिव्या अग्रवाल को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। शाखा प्रबंधक दिव्या अग्रवाल ने कहा कि यह बैंक आप सबकी है कोई भी समस्या हो तो निसंकोच हमसे बताएं हम उसके समाधान का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कार लोन, हाउसिंग लोन, एचडी पर ब्याज आदि की जानकारी देते हुए समस्याओं के निराकरण के प्रति प्रतिबद्धता जताई। संगीता भगत ने बैंक के डिजिटल उत्पादों और पीएनबी वन एप के बारे में तकनीकी जानकारी दी। बैंक के कृषि अधिकारी अभिनव ने कृषि ऋण एवं संबंधित योजनाओं के बारे में बताया। आजाद सिंह ने ग्राहकों और गणमान्य व्यक्तियों को बैंक संबंधी जानकारियां दीं। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा व्यापारिक गतिविधियों के अलावा समाज के आर्थिक विकास में बैंकों का बड़ा योगदान है। गोष्ठी में शाखा प्रबंधक दिव्या अग्रवाल ने सभी ग्राहकों से बैंक व्यवसाय को बढ़ाने में सहयोग का आह्वान किया। गोष्ठी में मनोज कुमार, विशाल सैनी, धर्मेंद्र चौधरी, सुनीता देवी, अजीत कुमार के अलावा मोहम्मद हनीफ, यूसुफ इस्लाम, वसु गुप्ता, शिखा चौधरी, दिनेश कुमार भी रहे। गोष्ठी में व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सुधीर कुमार अग्रवाल, राकेश सिंघल, दुष्यंत चौहान, मंत्री नितिन डूडेजा, विनोद कुमार श्रीवास्तव, विष्णु गुप्ता आदि ने भी सुझाव रखे। व्यापार मंडल की टीम समेत समस्त ग्राहकों का शाखा प्रबंधक ने आभार जताया।

मुरादाबाद में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, दो महिलाओं समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद (सिकंदर राजा) नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मझोला थाना पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 ग्राम 590 मिलीग्राम स्मैक, 4 किलो 375 ग्राम चरस, 33 हजार 600 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई की है।मामला मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 31 अक्टूबर 2026 को मझोला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयंतीपुर की नेता कॉलोनी निवासी काना प्रसाद उर्फ स्वर्गीय पूजा राम, उनकी पत्नी कविता रानी और रानी पत्नी स्वर्गीय पूजा राम के रूप में बताई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 14 ग्राम 590 मिलीग्राम स्मैक और 4 किलो 375 ग्राम चरस बरामद हुई है। इसके अलावा 33 हजार 600 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/21 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के आपराधिक इतिहास में एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम से जुड़े मुकदमे भी दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम- इस कार्रवाई को मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया।

प्रेस क्लब फतेहगंज पश्चिमी में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर पत्रकार साथियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर, अर्पित की पुष्पांजलि

@ क्यूँ न लिखूँ सच

फतेहगंज पश्चिमी। शनिवार को प्रेस क्लब फतेहगंज पश्चिमी के कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब के सभी सदस्य पत्रकार साथियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेस क्लब फतेहगंज पश्चिमी की ओर से किया गया। इस दौरान पत्रकार साथियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में गणेश पथिक, खेमपाल गंगवार, सौरभ पाठक, राजकुमार कश्यप, प्रवीन मौर्य, प्रवन पाण्डेय,साहिल अंसारी, सरफराज अंसारी सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

शिवपुरी में निकली 'रन फॉर यूनिटी', राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

तात्या टोपे स्मारक से शुरू हुई दौड़, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

@ क्यूँ न लिखूँ सच

शिवपुरी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत शनिवार को शिवपुरी में 'एकता दौड़-रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। उत्साह और उमंग के साथ आयोजित इस दौड़ के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। एकता दौड़ का शुभारंभ तात्या टोपे स्मारक से हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नेहा यादव एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। विभिन्न मार्गों से होते हुए दौड़ वापस तात्या टोपे स्मारक पर संपन्न हुई इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमुदाय को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा देश में आपसी सद्भाव को मजबूत करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, लवलेश जैन, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक अजय तिवारी, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी डॉ. के.के. खरे सहित जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, युवा, खिलाड़ी, पुलिसकर्मी, समाजसेवी और नगरवासी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति योगदान को याद करते हुए नागरिकों से आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया गया।

सरदार पटेल जयंती पर राष्ट्रीय एकता की ली शपथ, पीएम के कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

@ क्यूँ न लिखूँ सच

फतेहगंज पश्चिमी, संवाददाता। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को थाना फतेहगंज पश्चिमी परिसर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रवीन कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।कार्यक्रम के दौरान यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज एवं रेड रोजेज स्कूल के छात्र-छात्राओं, पुलिसकर्मियों और गणमान्य नागरिकों ने हाथ आगे बढ़ाकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ ली। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं देश की एकता और अखंडता के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर रमन कुमार जायसवाल, जसवीर सिंह, विनोद सिंह, राजा जायसवाल, गणेश गोपाल, विपिन जायसवाल, इमरान अंसारी सहित पुलिस स्टाफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कुन्दरकी में शिविर लगाकर 230 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया

135 श्रमिकों के पंजीयन का हुआ नवीनीकरण, 18 श्रमिकों को वितरित किए स्वीकृति पत्र

@ क्यूँ न लिखूँ सच

कुन्दरकी ।जिलाधिकारी अनुज झा के निर्देश पर विकासखंड कुन्दरकी के ब्लॉक सभागार में निर्माण श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत लाभार्थियों को हितलाभ वितरण के लिए शिविर आयोजित किया गया। विधायक रामवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में 230 निर्माण श्रमिकों का नया पंजीयन किया गया, जबकि 135 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामवीर सिंह ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में श्रम विभाग में अपना पंजीयन कराने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक स्वयं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और अपने आसपास तथा ग्राम पंचायतों में रहने वाले अन्य श्रमिकों को भी जागरूक करें, जिससे पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान विधायक ने 18 निर्माण स्वीकृति पत्र वितरित किए। सहायक श्रमायुक्त ने श्रमिकों को पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया के साथ ही श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। शिविर में विकासखंड कुन्दरकी की विभिन्न ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिक मौजूद रहे।

सपा में फिर सामने आई रार: मुझे बुलाया ही नहीं गया, अखिलेश से..., नवाब जान के क्षेत्र में कमाल अख्तर की सभा

मुरादाबाद में सपा में एक बार फिर से रार सामने आई है। विधायक नवाब जान के क्षेत्र में कमाल अख्तर ने सभा की। ठाकुरद्वारा से टिकट के दावेदार इकबाल इंजीनियर के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। विधायक नवाब जान ने कहा कि मुझे बुलाया ही नहीं गया। अखिलेश से शिकायत करेंगे।मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी में अंदरूनी खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को ठाकुरद्वारा में एक बार फिर पार्टी के भीतर सियासी खेमेबंदी की तस्वीर दिखाई दी। कांठ विधायक और पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने तीन बार के विधायक नवाब जान खां के क्षेत्र में पहुंचकर उनकी गैरमौजूदगी में टिकट के दावेदार इकबाल इंजीनियर के समर्थन में सभा की।

नगर में मस्जिद धोबियान के पास इकबाल इंजीनियर के पार्टी कार्यालय का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के होर्डिंग से विधायक नवाब जान की तस्वीर गायब रही। विधायक को आमंत्रित नहीं किए जाने की बात सामने आने के बाद पार्टी के भीतर खींचतान की चर्चाएं तेज हो गईं। ठाकुरद्वारा सीट पर नवाब जान वर्ष 2014 से लगातार तीन चुनाव जीत चुके हैं। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए वह फिर दावेदारी कर रहे हैं। ऐसे में उनके ही क्षेत्र में दूसरे दावेदार के कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे कमाल अख्तर के कार्यक्रम को सामान्य राजनीतिक गतिविधि के तौर पर नहीं देखा जा रहा है। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव के आने का प्रचार भी किया गया था, लेकिन वह भी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

मुरादाबाद में सपा की अंदरूनी खींचतान का यह पहला मामला नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन सांसद एसटी हसन का टिकट काटकर रुचि वीरा को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पार्टी में दो खेमे सामने आए थे। इसके बाद सांसद रुचि वीरा और कमाल अख्तर के बीच मतभेद लगातार चर्चा में रहे। जून 2026 में लखनऊ में अखिलेश यादव के सामने दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस हुई। पीडीए सम्मेलन में रुचि वीरा को नहीं बुलाए जाने का विवाद भी सामने आया। इसके बाद कमाल अख्तर ने विधानसभा में सपा विधायक दल के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया था। अब ठाकुरद्वारा में नवाब जान की अनुपस्थिति ने स्थानीय स्तर पर पार्टी की अंदरूनी राजनीति को फिर चर्चा में ला दिया है। मुझे कार्यक्रम में बुलाया ही नहीं गया था। इसकी जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और रामगोपाल यादव को दे दी है। -नवाब जान खां, विधायक ठाकुरद्वाराइकबाल इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को पुलिस-प्रशासन के सामने उठाने और पार्टी की नीतियों के प्रचार के लिए कार्यालय खोला है। नगर में पार्टी का कोई कार्यालय नहीं था। गुटबाजी जैसी कोई बात नहीं है। पार्टी हाईकमान जिसे टिकट देगा, सभी कार्यकर्ता उसे चुनाव लड़ाएंगे। -कमाल अख्तर, विधायक कांठ

नटेरन पुलिस की घेराबंदी में जुआ खेलते 08 आरोपी गिरफ्तार, लगभग 1 लाख 80 हजार का मशरूका जप्त

@ क्यूँ न लिखूँ सच

♦ मुखबिर की सूचना पर ग्राम घटवाई में दबिश, 22,570 नगद, 07 मोबाइल समेत 02 मोटरसाइकिल जप्त

(हाकम सिंह रघुवंशी)जिले में अवैध गतिविधियों एवं जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए विदिशा पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में संध्याकालीन भ्रमण के दौरान थाना नटेरन पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम घटवाई में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं एसडीओपी बासौदा श्रीमती शिखा भलावी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नटेरन के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 08 आरोपियों को पकड़ा।पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से ?22,570 नगद, ताश के 52 पत्ते, 07 मोबाइल फोन एवं 02 मोटरसाइकिल (बजाज डिस्कवर एवं टीवीएस विक्टर) सहित कुल 1,80,570 का मशरूका जप्त किया गया। थाना



नटेरन में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 284/2026, धारा 13 जुआ एक्ट एवं 112(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपीगण- . सुनील रघुवंशी पिता रामबाबू रघुवंशी, उम्र 42 वर्ष, निवासी बरेठ रोड, बासौदा।2. चरनसिंह पिता बालकिशन अहिरवार, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम घटवाई। 3. धर्मेंद्र पिता प्यारेलाल जाटव, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम घटवाई। 4. भागीरथ पिता जशवंतराम शर्मा, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम सिलवायखजूरी। 5. विनोद पिता शिवनारायण बैरागी, उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम घटवाई। 6. हिम्मतसिंह पिता अर्जुनसिंह रघुवंशी, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम सिलवायखजूरी। 7. प्रेमसिंह पिता कुंदनसिंह रघुवंशी, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम नागौर। 8. लालसिंह पिता गोपालसिंह रघुवंशी, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम जौहद।जप्त मशरूका- 22,570 नगद। ताश के 52 पत्ते। 07 मोबाइल फोन। 02 मोटरसाइकिल (बजाज डिस्कवर एवं टीवीएस विक्टर)। कुल जप्त मशरूका की कीमत 1,80,570 सराहनीय भूमिका- उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी नटेरन निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक लालबहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक अल्ताफ खान, आरक्षक धर्मेन्द्र अहिरवार, यशपाल निगम, फूलसिंह शाक्य, सूरज बघेल, सूरज गुर्जर एवं महिला आरक्षक हिमांशु साहू की सराहनीय भूमिका रही।

संक्षिप्त समाचार

16 से 30 नवंबर तक स्वयं कर सकते हैं परिवार की ऑनलाइन जनगणना

@ क्यूँ न लिखूँ सच

जनगणना डिजिटल माध्यम से संपन्न कराई जाएगी। प्रथम चरण में 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आमजन आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in/ के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना पूरी होने के बाद प्राप्त एसई आईडी को सुरक्षित रखकर घर आने वाले

प्रगणक को एसई आईडी उपलब्ध करानी होगी। इसके उपरांत 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना की जाएगी। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) के सफल संचालन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक करने के पश्चात मीडिया से वार्ता कर सम्पूर्ण कार्यक्रम की पूर्ण जानकारी दी और व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

5,929 प्रगणक करेंगे गणना-अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र श्रीवास्तव ने बैठक में जनगणना की कार्यप्रणाली, निर्धारित समय-सारणी, स्व-गणना की प्रक्रिया तथा आमजन की सहभागिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया जनपद बदायूँ में जनगणना कार्य के लिए कुल 26 चार्ज निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 05 तहसील चार्ज, 07 नगर पालिका परिषद एवं 14 नगर पंचायत शामिल हैं। जनपद में जनगणना कार्य को संपन्न कराने के लिए कुल 5,929 प्रगणक एवं 1,003 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि गणना के दौरान परिवार एवं उसके सदस्यों से निर्धारित 40 प्रश्नों के माध्यम से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाएगी। 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण चरण संचालित होगा, जिसमें निर्धारित अवधि के दौरान जन्म एवं मृत्यु से संबंधित विवरण संकलित कर आंकड़ों को अद्यतन किया जाएगा। जनगणना में बेघर व्यक्तियों को भी सम्मिलित किया जाएगा, ताकि कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित न रहे।

कोई दस्तावेज नहीं लिया जाएगा-बैठक में स्पष्ट किया गया कि जनगणना के दौरान किसी भी व्यक्ति से कोई दस्तावेज, प्रमाण पत्र अथवा अन्य कागजात नहीं मांगे जाएंगे और न ही किसी प्रकार का शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस गणना के दौरान किसी प्रकार ओटीपी भी नहीं मांगी जाएगी और न ही ओटीपी किसी को शेयर करें। प्रगणकों द्वारा प्राप्त सभी सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी। आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रगणकों के पहचान पत्र पर क्यूआर कोड भी उपलब्ध रहेगा, जिसे स्कैन कर उनकी पहचान एवं प्रामाणिकता का सत्यापन किया जा सकेगा।

बरेली-बीसलपुर मार्ग पूरा गड्ढों में तब्दील, जलभराव से राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

भुता। बरेली-बीसलपुर पूरा मार्ग व कस्बा भुता में सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। शुक्रवार को हुई हल्की बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भर गया, जिससे सड़क और गड्ढों के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया। जलभराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़रहा है। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है।

यह बरेली बीसलपुर मार्ग मार्ग क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है और इससे प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से होकर स्कूल जाते हैं। सड़क पर गहरे गड्ढे और बारिश के बाद पानी भरने से हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है।

स्थानीय जागरूक ग्रामीणों का कहना है कि जरा सी बारिश होते ही कस्बे में सड़क जलमग्न हो जाती है। पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही उदासीनता के चलते ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री लगाए जाने के कारण एक ही बरसात में पूरा मुख्य मार्ग उखड़ कर गढ़ों में तब्दील हो गया है। जबकि सरकार के आदेशों के बावजूद भी गड्ढ़ों को भरा नहीं गया है। सड़क की मरम्मत न होने के कारण इसकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क की तत्काल मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन गंभीर हादसा हो सकता है। इसको लेकर जागरूक ग्रामीणों में पीडब्लूडी विभाग के प्रति भारी आक्रोश है।

चिराग पासवान के जन्मदिन पर लोजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह, दी बधाइयां

दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना कर संगठन को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

@ क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

कार्यकर्ताओं ने चिराग पासवान के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी लगातार संगठनात्मक मजबूती की ओर आगे बढ़ रही है। गरीबों, वंचितों, शोषितों और जरूरतमंदों के अधिकारों की आवाज बुलंद करना पार्टी की प्राथमिकता है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि चिराग पासवान की विचारधारा और नेतृत्व से प्रेरित होकर संगठन का प्रत्येक सदस्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन को गांव से लेकर शहर तक मजबूत बनाने तथा सामाजिक न्याय और जनसेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। उन्होंने विश्वास जताया कि चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी निरंतर नई उपलब्धियां हासिल करेगी।

इस मौके पर प्रदेश सचिव श्यामा चरण, नगर अध्यक्ष पार्वती गौतम, तहसील अध्यक्ष जगदीश वर्मा, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार, संजीव कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष मूलचंद, तहसील उपाध्यक्ष भोले राम, मोहन लाल, मेवाराम, बसंत लाल, रूपलाल और दिनेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

16 नवम्बर, 2026 से 30 नवम्बर, 2026 तक स्वयं कर सकेंगें अपनी जनगणना

01 दिसम्बर, 2026 से घर-घर पहुंचेगें प्रशिक्षित प्रगणक

@ क्यूँ न लिखूँ सच

जनपद पीलीभीत में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की तैयारियां एव आगामी निर्धारित कार्यक्रम के बारे में बताया गया है कि 16 से 30 नवम्बर, 2026 तक आमजन स्व-गणना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपनी एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगें। इसके बाद 01 दिसम्बर, 2026 से 04 जनवरी, 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य करेंगें। जनसंख्या गणना के अंतर्गत स्थानीय प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।

जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि जनगणना 2027 देश की 16 वी0 तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आठवीं जनगणना है। पहली बार जनगणना की प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य जनसंख्या की सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति से सम्बंधित प्रामणिक आंकड़ों का संकलन करना है। ये आंकड़े भविष्य में विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के आवंटन तथा जनकल्याणकारी नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगें। उन्होनें बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सम्पन्न कराया जा चुका है। अब द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 से 30 नवम्बर 2026 तक स्व-गणना, 01 दिसम्बर से 04 जनवरी 2027 तक घर-घर जनसंख्या गणना तथा 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा।

जनगणना 2027 में आमजन को पहली बार स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अंतर्गत कोई भी परिवार निर्धारित अवधि में se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है। ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने के बाद एक विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा। प्रगणक इस संख्या के आधार पर दर्ज विवरण का सत्यापन करेंगे। स्पष्ट किया कि स्व-गणना की सुविधा वैकल्पिक हैं। जो परिवार ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर पाऐगें। उनकी गणना निर्धारित अवधि में घर पहुंचने वाले प्रगणकों द्वारा की जायेगी। इसके लिए प्रगणक को डिजिटल माध्यम से जानकारी संकलित करने की व्यवस्था उपलब्ध करायी जाएगी। जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी द्वारा बताया गया कि जनसंख्या गणना के अंतर्गत निर्धारित प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न शामिल है। इनमें परिवार कें प्रत्येक सदस्य का विभिन्न विवरण संकलित किया जाएगा। यह भी बताया गया कि जनगणना दौरान प्राप्त व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत व्यक्तिगत जनगणना अभिलेखों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। उन्होनें आमजन से अपील की है कि प्रगणक को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें। साथ ही किसी भी व्यक्ति को बैंकिंग पासवर्ड, एटीएम अथवा यूपीआई पिन और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी न दे।

अखंड भारत के शिल्पी सरदार पटेल की जयंती पर कलक्ट्रेट में गूंजी एकता की शपथ

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।(पं सत्यम शर्मा) । लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आज जनपद भर में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ दिलाई। डीएम ने कहा कि सरदार पटेल की अदम्य इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता ने 560 से अधिक रियासतों का विलय कर आधुनिक भारत की नींव रखी, जिनका जीवन हर नागरिक के लिए प्रेरणा है। सभी तहसीलों, विकास खंडों और सरकारी कार्यालयों में कर्मियों ने राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और संप्रभुता बनाए रखने का संकल्प लिया।

प्रभात फेरी व रैलियां- एनसीसी कैडेटों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने डोरीलाल स्टेडियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रभात फेरी और जागरूकता रैलियां निकालकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। विद्यालयों में सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर आधारित स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं के जरिए बच्चों ने देशभक्ति के रंग बिखेरे।

श्रम विभाग द्वारा विकास भवन सभागार में परिचर्चा आयोजित कर सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित किया गया।

इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

भारतीय पटेल महासभा ने हर्ष उल्लास से मनाई लौह पुरुष सरदार पटेल जयंती।

@ क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूं- लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती भारतीय पटेल महासभा के पदाधिकारीयो ने हर्ष उल्लास के साथ मनाई।सर्व प्रथम सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर याद किया गया। प्रदेश महासचिव कुलदीप सिंह पटेल एडवोकेट ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आजादी के बाद

उन्होंने कई रियासतों को मिलाकर एक मजबूत भारत का निर्माण किया, जिसके लिए उन्हें लौह पुरुष की उपाधि मिली। पटेल महासभा के जिलाध्यक्ष रवीश पटेल उर्फ टिंकू ने पटेल के जीवन आदर्शों पर विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर पटेल महासभा के जोगेंद्र सिंह पटेल,शिवेन्द्र पटेल एडवोकेट,राघवेंद्र सिंह,प्रेमपाल सिंह,राजीव सिंह,सतीश चन्द्र सिंह,अनंत राठौर,सर्वेश पटेल, विजेन्द्र सिंह,भोजराज सिंह, देवेन्द्र सिंह,बृजकिशोर सिंह,सतेंद्र पटेल आदि भारतीय पटेल महासभा के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

Give your home a garden-like look with minimal care. These snake plant varieties are exceptional.

Snake plants are a great option for creating a lush, clean, and inviting home, growing well even with minimal care. Snake plants are considered the best choice for creating a lush, clean, and attractive home. These plants grow well with little water, low light, and minimal care. They also help purify the air and are perfect for beginning gardeners. Let's explore some popular snake plants and how to grow them: Sansevieria 'Moonshine' - Its leaves are a light silver-green color, giving it a modern look. It prefers bright, indirect light but can also survive in low light. Water only when the soil is completely dry. Well-drained soil is essential. Sansevieria 'Golden Hahni' - This small and compact plant is very beautiful with its yellow-green bordered leaves. Place it near a window to maintain the color. Avoid overwatering, as this can cause root rot. Sansevieria 'Zeylanica' - Its leaves are dark green with light silver stripes. It is excellent for indoor decor. It grows rapidly in moderate light and limited water. Sansevieria Bonsel (Starfish Snake Plant) - Its thick, star-shaped leaves make it unique. It grows slowly, so it thrives in a small pot for a long time. Keep it out of direct sunlight. Sansevieria Cylindrica - It has round, cylinder-like leaves. It is often decorated in a braided style. It prefers a bright location and remains healthy even with little water. Sansevieria Trifasciata 'Laurentii' - This is the most common and robust snake plant. Its long leaves have yellow edges. It helps remove toxins from the air. It can be easily grown in both homes and offices. Sansevieria massoniana (Whale Fin): Its large, broad leaves resemble a whale's fin. It is a slow-growing plant and requires minimal care. Light sunlight and limited watering are sufficient. Sansevieria 'Bentel's Sensation' has white and green stripes, making it extremely attractive. Keep it in bright, indirect light to maintain variation. Effective tips for growing snake plants: Always choose well-drained soil and a pot. Keep out of direct sunlight; indirect light is best. Apply a light liquid fertilizer once a month. Clean the leaves periodically to allow the plant to breathe properly. By following these simple tips, you can grow beautiful, healthy, and long-lasting snake plants in your home.

No hours of hard work, no hassle of going to the market; make these tasty sweets and starters at home for your Diwali party.

Avoid adulterated sweets from the market for your guests this Diwali. Make delicious sweets and snacks at home quickly. Diwali is not just a festival of lights, but also full of food and drinks. Friends and relatives visit your home constantly during this festival. If you don't want to buy adulterated sweets and snacks from the market to welcome them, you can make some snacks at home. Now, if you're wondering what to make in a short time that everyone will like, these easy and quick sweets and snacks are perfect for you. Instant Bread Malai Roll - This sweet is easily made with rabri and bread and tastes amazing. To make it, cut off the edges of the bread and flatten it slightly with a rolling pin. Now prepare a mixture by mixing dry fruits and cardamom powder in khoya or condensed milk. Place this mixture in the center of the bread and roll it up. Pour the thickened rabri over the rolls and garnish with chopped pistachios. Coconut and Date Energy Balls - Nowadays, many guests are very health-conscious and prefer sweets without sugar. These energy balls can be made for such guests. Remove the seeds from the dates and grind them in a mixer. Heat some ghee in a pan and lightly fry chopped almonds, cashews, and pistachios. Add the ground dates and grated dry coconut. Once this mixture is well combined, form small laddus or balls from it. Crispy and Spicy Masala Mathri - For a savory snack, you can make Masala Mathri. Combine flour, carom seeds, fenugreek leaves, salt, and ghee in a bowl and knead into a stiff dough. Now, form small balls and roll them out like puris. Poke holes in them with a fork to prevent puffing. Fry them over low heat until crispy and store them in an airtight container. Crispy Cheese Balls with Paneer and Corn – These are perfect for Diwali party starters. To make them, combine grated paneer, boiled corn, finely chopped coriander, green chilies, chaat masala, and a little salt in a bowl. Use boiled potatoes or cornflour for binding. Form small balls, dip them in the flour batter, coat with breadcrumbs, and deep-fry. Instant Gram Flour Laddoo – It's impossible to celebrate Diwali without mentioning gram flour ladoo among the sweets. Making them the traditional way takes time, so you can make instant gram flour ladoo. Heat ghee in a pan and fry the gram flour over medium heat until golden brown. Once the flour has cooled, add the powdered sugar and cardamom powder, mixing well. Now shape the flour into round balls and garnish with almonds.

Don't share these 5 things about your life even with your best friend, or you might regret it later.

No matter how deep your friendship is, some things should always be kept private to avoid future problems. Everyone has that one friend who is labeled as best friend. But no matter how deep the friendship, there are some things that should always be avoided. This is because oversharing, whether intentionally or unintentionally, can cause mental distress in the future. Let's explore what things you should avoid sharing even with your best friend. Financial Status and Bank Balance - The first and most important thing is your financial status, as well as your bank balance. Where you've invested, how much you have saved, your bank balance, and your future plans are all things that should always be kept private. In fact, if there's one thing that can have the greatest impact on a friendship, it's money. Private Life with Your Partner - Your married life and bedroom secrets are extremely personal matters that should never be shared with a third person, be it your best friend or a family member. When you reveal your partner's shortcomings or any personal details to someone, it diminishes that partner's respect in the eyes of others. Deep Family Secrets - Family disputes are often resolved with time, but sharing these details with others can never truly improve the image of your family in their minds. Therefore, it's wise to avoid sharing anything with a close friend, from land disputes to sibling fights. Conversations with a Third Party - Being a close friend doesn't mean you should blindly share even the third person's secrets. Someone may have confided in you with a lot of trust, but sharing it with a friend means breaking their trust. Goals that haven't yet been achieved - It's possible that your friend's goals are completely different from the ones you want to achieve. In such a situation, sharing our goals with them becomes pointless, and sometimes we even face criticism. As a result, hearing negative comments from close friends can make a person less confident about their work than before.

Kriti Sanon and Varun Dhawan's magic will be seen in Obsession, a supernatural horror film that will make waves on OTT platforms after the box office.



The box office smash "Obsession" will stream on Jio Hotstar on October 30th. Kriti Sanon and Varun Dhawan are part of Obsession - the film has earned a massive worldwide box office collection. The film will release on OTT platforms on October 30th. If you're also waiting for the blockbuster film "Obsession" to release on OTT platforms and are excited to see it, your excitement is about to increase even more. Bollywood actors Kriti Sanon and Varun Dhawan have also joined the cast. "Obsession": Yes, Kriti Sanon and Varun Dhawan are now part of "Obsession," but behind the scenes. Both actors have lent their voices to the Hindi version of the Hollywood horror film "Obsession." This announcement comes at a time when speculation was rife about their reunion in "Bhediya 2." Kriti shared a special video - Recently, Kriti Sanon shared a video with Varun Dhawan and Amar Kaushik, hinting at some exciting projects coming up. This was interpreted by many as a hint of their appearance in "Bhediya 2." Both of them worked together in the 2022 release "Bhediya," which was a box office hit. About "Obsession" - Directed by Kari Barker, "Obsession" will be available in both languages ??on the platform's Peacock Hub. In the Hindi version, Kriti Sanon will voice the character of "Nikki," while Varun Dhawan will voice the character of "Bear." The film was a box office success - The film has made a significant impact at the global box office, grossing massive amounts worldwide and proving to be a major commercial hit. It also performed well in India. What is the story of 'Obsession'? - 'Obsession' is the story of a shy young man named 'Bear' who uses a mysterious object called the 'One Wish Willow' to make his childhood crush, 'Nikki', fall in love with him. However, what begins as a romantic quest soon turns into a nightmare when Nikki develops a dangerous obsession with Bear, leading to a series of horrifying events that leads Nikki to even take her own life. The film will release on JioHotstar on October 30th. A spectacular Halloween celebration on JioHotstar - This year, JioHotstar is turning Halloween into a truly spooky celebration! The streaming platform boasts a lineup of films that are ready to add a touch of fear to Halloween. The newest horror film on the platform will be 'Obsession'. Additionally, you can enjoy films like Stree, Train to Busan, Wolf, Weapons, and Hocus Pocus.

After Sridevi's death, Shikhar became Jhanvi Kapoor's support system; his "boyfriend" left his studies in London and moved to Mumbai.

Jhanvi Kapoor has revealed how Shikhar Pahadia became her support system after Sridevi's death. Jhanvi Kapoor was devastated by Sridevi's death; Shikhar left his studies for Jhanvi. February 24, 2018, was a day that shook the Kapoor family. Veteran Bollywood actress Sridevi passed away unexpectedly on this day. Her daughter, Jhanvi Kapoor, was devastated by the actress's death. Upon receiving the news of her mother's death, she was shattered. At that time, Shikhar Pahadia, now her boyfriend, became her support system. He took a break from his semester and moved to Mumbai. At that time, the two weren't even dating. Shikhar took a break from his semester for Janhvi. Janhvi Kapoor will talk about this in an upcoming episode of Karan Johar's Koffee with Karan Season 9. According to the Times of India, the actress said, "I think he was studying in London and took about half a semester off. He came to Mumbai and lived in the city with his father. I found out much later that he had gone to stay at his friend's house in Juhu for a month. It's not like I saw him every day, but I later learned that his thinking was, 'No, I just want to be around in case they need me.'" Who is Shikhar Pahariya? Shikhar Pahariya is an entrepreneur and professional polo player. His father, Sanjay Pahariya, is also a businessman and investor. Regarding Shikhar and Janhvi's relationship, they have known each other since their teens. Janhvi once revealed that Shikhar has been in her life since she was 15 or 16. Currently, the two have been dating for the past few years. Janhvi Kapoor and Shikhar Pahariya haven't talked much about their relationship, but their appearances together at parties and events, and the actress wearing a pendant with the name Shikhu, speak volumes about their connection.

Shah Rukh Khan's 15-year-old song will be featured in King, creating a buzz with the party anthem 'Chammak Challo'.

Shah Rukh Khan's 15-year-old song is returning once again in his upcoming film, King. Learn more... A 15-year-old Shah Rukh Khan song will be featured in King - SRK's old song is the best party anthem - Shah Rukh's King will be released on December 24th. The first poster of Shah Rukh Khan's upcoming film, King, has been revealed, and discussions about the film have begun. Meanwhile, news is coming that an old Shah Rukh Khan song will also be included in the highly anticipated film. A cult Shah Rukh Khan song will be heard again in his new film, but in a new style. The song we are talking about gained popularity both domestically and internationally. This song, created 15 years ago, is still a popular song at parties, and people dance to its signature dance steps. A remix of a 15-year-old song: Shah Rukh Khan will be seen dancing with Kareena Kapoor Khan in a remix version of a 15-year-old song in King. This song is "Chammak Challo" from the film "Ra.One." Kareena and Shah Rukh will once again add to the song's charm. Shah Rukh and Kareena begin shooting: According to Variety India, "Chammak Challo 2.0" is being included in King. Shah Rukh and Kareena will add color to the remix of the hit track with their high-energy dance moves. Shooting for the song is reportedly set to begin today, October 27th. Choreographer Vaibhavi Merchant is associated with the film. It's said that international dancers may also be included in the song. It's going to be a party song, which the makers are creating on a high scale. King's Star Cast - Directed by Siddharth Anand, King is a multi-starrer. In addition to Shah Rukh Khan, the film stars Deepika Padukone, Suhana Khan, Abhay Verma, Abhishek Bachchan, Rani Mukerji, Raghav Juyal, Arshad Warsi, and Jaideep Ahlawat. The film will hit theaters on December 24th.